# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांक : कमेटी सैल/एम0एड0/ 4343

दिनांक : 28.07.2020

## प्रेस विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों/विश्वविद्यालय परिसर में स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत संचालित एम0एड0 दो वर्षीय (चार सेमेस्टर) पाठ्यक्रम के सत्र 2015–17 के चतुर्थ सेमेस्टर में अध्ययनरत विद्यार्थियों की मुख्य परीक्षा और सत्र 2016–18 के तृतीय सेमेस्टर/ सत्र 2019–21 के द्वितीय सेमेस्टर में अध्यनरत विद्यार्थियों की मुख्य एवं पूर्व सत्रों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की बैक पेपर परीक्षाओं के परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.ccsuniversity.ac.in** पर ऑन लाईन (On Line) **फार्म भरने की तिथियाँ विद्यार्थीयों को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुये निम्नानुसार पुनः निर्धारित की जा रही है। :–**

**फार्म भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने से पूर्व निर्देशों को ठीक से पढ़ें:–**

1. सर्वप्रथम विश्वविद्यालय वेबसाइट **www.ccsuniversity.ac.in** पर जाकर M.Ed Exam. Form पर Click करें।
2. समस्त सम्बन्धित विद्यार्थियों को परीक्षा फार्म भरते समय अपना फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करना अनिवार्य है। विद्यार्थी अपने परीक्षा फार्म पर अलग से फोटो न चिपकाये अन्यथा की दशा में परीक्षा फार्म निरस्त किया जायेगा। विद्यार्थी अपना परीक्षा फार्म ध्यान से भरे क्योंकि परीक्षा फार्म केवल एक बार ही भरा जायेगा।
3. सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत विद्यार्थी अपना पिछले सेमेस्टर में आवंटित अनुक्रमांक ही अंकित करें, इसके पश्चात Submit पर क्लिक करें। क्लिक करने पर उनका समस्त विवरण खुल जायेगा। तत्पश्चात् परीक्षा फार्म में माँगा गया पूर्ण विवरण भरने के पश्चात Submit Form पर क्लिक करें। Submit Form पर क्लिक करने से पूर्व अपना सम्पूर्ण विवरण पुनः अवश्य चैक कर लें। क्लिक करने के पश्चात् फार्म प्रिन्ट के लिए तैयार है।
4. परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क ऑन लाईन के माध्यम से ही भरी जायेगी। किसी भी स्थिति में ड्राफ्ट स्वीकार नहीं किया जायेगा।
5. परीक्षा फार्म में वाँछित सूचनायें इन्टरनेट पर ऑन लाईन (On Line) ही भरी जायेगी।
6. परीक्षा फार्म मोबाईल फोन के माध्यम से भी ऑन लाईन (On Line) भरा जायेगा।
7. परीक्षा फार्म भरने के उपरांत विद्यार्थी परीक्षा फार्म का प्रिन्ट निकाल ले अथवा अपने मोबाईल फोन पर Download कर लें।
8. महाविद्यालय/संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को प्राप्त कराये गये परीक्षा फार्मों में यदि उपरोक्त वर्णित निर्देशों के सम्बन्ध में कोई त्रुटि विश्वविद्यालय स्तर पर पायी जाती है और इस कारण से किसी छात्र का परीक्षा फार्म निरस्त होता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित छात्र तथा महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक की होगी, विश्वविद्यालय इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**विशेष निर्देश:–**

i. महाविद्यालय/संस्थान द्वारा यह सुनिश्चित किया जाय कि **केवल नोमिनल रोल लिस्ट (Nominal Roll-List)** **विश्वविद्यालय की** Email ID : comcellccsu@gamil.com पर **भेजना होगा, परीक्षा फार्म नहीं।** परीक्षा फार्म महाविद्यालय/संस्थान अपने पास सुरक्षित रखेगें।

ii. महाविद्यालय/संस्थान द्वारा यह सुनिश्चित किया जाय कि छात्रों द्वारा भरे गये परीक्षा फार्मो को ऑनलाईन प्राप्त करते हुये परीक्षा फार्म को अर्हतानुसार अग्रसारित कर, प्रिन्ट अपने यहाँ निकाल कर सुरक्षित रख लें।

iii. **नोमिनल रोल लिस्ट** विश्वविद्यालय में जमा कराये जाने के समय महाविद्यालय/संस्थान द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि कम्प्यूटर एजेन्सी द्वारा बनायी गयी ऑन लॉइन नॉमिनल रोल लिस्ट जो संस्थान के पोर्टल पर प्रेषित की गयी है केवल वही भेजनी होगी, संस्थान द्वारा अपने स्तर से निर्मित की गयी नहीं ?

**vi.** सम्बन्धित महाविद्यालय परीक्षा से पूर्व परीक्षार्थियों की कोविड–19 वैश्विक महामारी के दृष्टिगत आनलाईन कक्षाओं के माध्यम से अर्हतानुसार न्यूनतम आवश्यक पढ़ाई की स्थिति सुनिश्चित करेगे। यदि कोई विद्यार्थी की ये औपचारिकताएँ पूर्ण न हो तो सम्बन्धित विद्यार्थी का परीक्षा फार्म अग्रसारित न करते हुये, परीक्षा से पूर्व इसकी सूचना विश्वविद्यालय के कमेटी सेल को प्रेषित करेगे एवं सुनिश्चित करेगे कि परीक्षा मे ऐसे परीक्षार्थी न बैठ सकें।

<u>उपरोक्त परीक्षाओं हेतु फार्म भरने एवं **submit** कराने की तिथियां निम्नानुसार निर्धारित की जाती हैं</u>:–

1. विश्वविद्यालय वेबसाईट पर परीक्षा फार्म ऑन लाईन उपलब्ध होने की प्रारम्भिक तिथि — 29.07.2020
2. अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा फार्म ऑन लाईन भरने एवं परीक्षा शुल्क सहित परीक्षा फार्म को ऑनलाइन Submit करने की अन्तिम तिथि — 03.08.2020
3. महाविद्यालय/संस्थान द्वारा **नोमिनल रोल लिस्ट** को विश्वविद्यालय की Email <u>ID - **comcellccsu@gmail.com**</u> पर भेजने की अन्तिम तिथि — 05.08.2020

कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि अन्तिम तिथि के पश्चात किसी भी परीक्षार्थी का कोई भी **नोमिनल रोल लिस्ट** किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा।

28-07-2020
परीक्षा नियंत्रक

<u>*प्रतिलिपिः*</u>– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति को अपने सम्मानित दैनिक समाचार–पत्र के सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए छात्रहित में, निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
2. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त स्ववित्त पोषित महाविद्यालय/संस्थान, M.Ed.पाठ्यक्रम सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को उपरोक्तानुसार कार्यवाही करने हेतु प्रेषित।
3. प्रो0 वाई विमला, प्रतिकुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
4. वैयक्तिक सहायक कुलपति को कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
5. आशुलिपिक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
6. आशुलिपिक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
6. सहायक कुलसचिव (परीक्षा)।
7. प्रभारी, (सीक्रेसी), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
8. प्रभारी, व्यावसायिक पाठ्यक्रम (रिजल्ट सैल), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
9. प्रभारी (सामान्य/भण्डार)।
10. आशुलिपिक कुलसचिव।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
12. प्रभारी, वेबसाइट/कम्प्यूटर केन्द्र
13. विश्वविद्यालय सूचना पट।

28-07-2020
परीक्षा नियंत्रक